# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय , उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण)
औद्योगिक क्षेत्रसंत कबीर नगर। -खलीलाबाद, जनपद,
cdsantkabirnagar@gmail.com -mail I.D:-E, -:mail I.D-E eeruralskngmail.com@,

पत्रांक 413 / 6-05 / 32 दिनांक 25/05/2026


**सेवा में,**

प्रबन्ध निदेशक महोदय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय** – अमर उजाला समाचार पत्र में दिनांक 25.05.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक के संबंध में सादर अवगत कराना है कि दिनांक 25.05.2026 अमर उजाला समाचार पत्र में प्रकाशित खबर ***"पांच साल पहले बनी टंकी से पूरे गांव में नहीं मिल पा रहा पानी"*** के संबंध में अवगत कराना है कि तामा ग्राम पंचायत पेयजल योजना से 02 राजस्व ग्राम (तामा, मचौली) आच्छादित है, समस्त कार्य पूर्ण कर दोनों राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही थी, योजना ग्राम पंचायत को हैण्डओवर कर दी गयी थी (संलग्न- हस्तानान्तरण प्रमाण पत्र)। राम जानकी मार्ग का चौड़ीकरण हुआ , जिसमें पाइपलान क्षतिग्रस्त होने से राजस्व ग्राम- मचौली में जलापूर्ति बंद हो गयी थी।



तत्काल नया पाइप बिछाकर जलापूर्ति पुनः चालू करा दिया गया था परन्तु लगभग 02 माह बाद मचौली ग्राम के पास नाला निर्माण में पाइपलाइन पुनः क्षतिग्रस्त हो गई, जिस कारण मचौली में आंशिक जलापूर्ति हो रही है।



मरम्मत योग्य कार्यो का डी0पी0आर0 तैयार कर, स्वीकृति हेतु SWSM को प्रेषित किया गया है। स्वीकृति उपरान्त योजना से संबंधित मरम्मत कार्यो को पूर्ण कराकर मचौली के शेष भाग में भी जलापूर्ति प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

भवदीय

(महेन्द्र राम)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०स० एवं दिनांक तदैव-

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. जिलाधिकारी महोदय, संतकबीरनगर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, संतकबीरनगर।
3. जिला सूचना अधिकारी, संतकबीरनगर।
4. मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
5. मुख्य अभियन्ता (गो0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
6. अधीक्षण अभियन्ता, निर्माण मण्डल उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बस्ती।
7. संबंधित सहायक अभियन्ता / जू0ई0।

अधिशासी अभियन्ता

समाचार पत्र अमर उजाला
दिनांक :- 25-05-2026

# पांच साल पहले बनी टंकी से पूरे गांव में नहीं मिल पा रहा पानी

## पेयजल का संकट झेलने को मजबूर हैं लोग

संवाद न्यूज एजेंसी


धनघटा। हैंसर ब्लॉक क्षेत्र के तामा गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनी पानी की टंकी से अब तक पूरे गांव में नियमित जलापूर्ति नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि लगभग पांच वर्ष पूर्व टंकी का निर्माण कराया गया तथा पूरे गांव में पाइप लाइन भी बिछा दी गई, लेकिन टंकी से पानी की आपूर्ति कुछ दूरी तक ही सीमित है। पूरे गांव में अब तक पानी नहीं पहुंच सका है।

ग्रामीणों ने बताया कि इसी टंकी से मचौली गांव तथा तामा चौराहे तक भी पानी की आपूर्ति होनी है, लेकिन वहां भी जलापूर्ति नहीं हो रही है। इससे बड़ी संख्या में ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

> पानी की आपूर्ति समूचे गांव में नहीं है तो इसकी जांच की जाएगी। यदि पाइप टूटने या लीकेज से दिक्कत है तो इसे शीघ्र दूर कर पानी आपूर्ति बहाल की जाएगी।
> –जेएन यादव, जेई, जल निगम

भीषण गर्मी में समस्या और गंभीर हो गई है। गांव निवासी हरी, कृष्णा राय, ओमप्रकाश, हरिकिशुन, सीताराम आदि ग्रामीणों ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ सभी लोगों तक पहुंचना चाहिए। पाइप लाइन बिछाने के बावजूद आधे गांव को पानी न मिलना अधिकारियों की लापरवाही को दर्शाता है।

ग्रामीणों ने मांग की कि आधे अधूरे नहीं बल्कि पूरे गांव में पानी की आपूर्ति की जाए। जल्द से जल्द मचौली तथा तामा चौराहे तक नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित कराई जाए।



तामा में बनाया गया ओवरहेड टैंक। संवाद